# भारतीय जनता पार्टी

(केन्द्रीय कार्यालय)
6-ए, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

25 मई 2024, शनिवार

## <u>केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर और कांगड़ा में आयोजित जनसभाओं में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु</u>

**हिमाचल की जनता चारों सीटें तीसरी बार मोदी को देने जा रही है**

***************

**4 जून को परिणाम आते ही मोदी जी 400 पार करेंगे और राहुल बाबा प्रेस कॉन्फ्रेंस करके हार का ठीकरा EVM पर फोड़ेंगे**

***************

**12 लाख करोड़ रुपए के घोटाले करने के बाद विपक्ष के नेता फिर प्रधानमंत्री बनने का सपना देख रहे हैं**

***************

**कांग्रेस वादाखिलाफी, घोटालेबाजी और संस्थाओं पर पर ताला लगाने वाली पार्टी है**

***************

**केंद्र द्वारा आपदा में भेजे गए 3,200 करोड़ रुपए में कांग्रेस ने गबन कर दिया**

***************

**मोदी जी ने देश का 100% और हिमाचल का 150% विकास किया है**

***************

**कांग्रेस के मुख्यमंत्री ने हिमाचल को गांधी परिवार का एटीएम बना दिया है**

***************

**विकास करना कांग्रेस का काम नहीं है, विकास करना भाजपा की आदत है**

***************

माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने शनिवार को हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर और कांगड़ा में जनसभाओं को संबोधित करते हुए कांग्रेस सरकार के भ्रष्टाचार और इंडी गठबंधन की तुष्टिकरण की राजनीति पर जमकर प्रहार किया और विगत 10 वर्षों में मोदी सरकार द्वारा किए गए विकास और कल्याणकारी कार्यों को रेखांकित किया। कार्यक्रम के दौरान मंच पर हिमाचल प्रदेश भाजपा प्रदेशाध्यक्ष श्री राजीव बिंदल, हमीरपुर लोकसभा से प्रत्याशी एवं केंद्रीय मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर और कांगड़ा से लोकसभा प्रत्याशी श्री राजीव भारद्वाज, विधानसभा प्रत्याशियों सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **5 चरणों के चुनाव में आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी 310 सीटों पर विजयी हो चुके हैं और आगामी 2 चरणों में 400 पार करने वाले हैं।** 400 पार की जिम्मेदारी सातवें चरण वालों पर **है। एनडीए तो 400 पार करने वाली है, लेकिन राहुल गांधी की कांग्रेस 40 पर सिमटने जा रही है।** हिमाचल प्रदेश के विधानसभा उपचुनावों में भी कमल खिलने वाला है और प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने वाली है। देश की विभिन्न लोकसभा की जनता अपने सांसद को मंत्री बनते देखना चाहती है, मगर हमीरपुर के सांसद श्री अनुराग सिंह ठाकुर पहले से ही केंद्रीय मंत्री के रूप में कार्य कर रहे हैं। श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने हमीरपुर के सांसद और मोदी सरकार के मंत्री के रूप में कार्य करने के साथ ही भाजपा की विचारधारा को आगर बढ़ाने का काम भी किया और देशभर के युवाओं को इस विचारधारा के साथ लामबंद किया। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को हिमाचल प्रदेश से विशेष लगाव है।

श्री शाह ने कहा कि **4 जून को परिणाम आते ही, एनडीए 400 पार करेगी, आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी एक बार फिर प्रधानमंत्री बनेंगे और राहुल गांधी प्रेसवार्ता करेंगे की ईवीएम की वजह से इंडी गठबंधन हार गया है।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव

जीतने के बाद कांग्रेस ने अपनी सरकार बनायी, लेकिन लोकसभा में हारने पर सारा ठीकरा ईवीएम पर फोड़ती है। **4 जून के परिणाम के बाद हारकर के लिए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे जी को जिम्मेदार बताया जाएगा और उनका इस्तीफा ले लिया जाएगा। एक पत्रकार ने बताया है कि 6 जून को राहुल गांधी छुट्टी मनाने के लिए विदेश जाने वाले हैं।** इस चुनाव में एक ओर 12 लाख करोड़ के घपले-घोटाले करने वाला कांग्रेस और इंडी गठबंधन हैं और दूसरी ओर 23 साल से संवैधानिक पद पर रहने का बाद भी जिसपर विरोधी भी 25 पैसे का आरोप नहीं लगा पाए, ऐसे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी हैं। **एक ओर 12 लाख करोड़ के घोटाले करने वाला इंडी गठबंधन है और दूसरी ओर 60 करोड़ गरीबों का कल्याण करने वाले माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी हैं।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार ने हमीरपुर के विकास के लिए ढेर सारे कार्य किए हैं। भाजपा सरकार ने 10 हजार करोड़ रुपए की लागत से तीरथपुर-नैनचौक 4 लेन रोड का निर्माण किया, 1300 करोड़ रुपए की लागत से हमीरपुर-मंडी खंड का चौड़ीकरण किया, 1200 करोड़ रुपए की लागत से हमीरपुर-धरमपुर-मंडी हाइवे का निर्माण और 350 करोड़ रुपए की लागत से दंतोड़-हमीरपुर सड़क का चौड़ीकरण किया। **मोदी सरकार ने 1000 करोड़ रुपए की लागत से बिलासपुर रेलवे लाइन का निर्माण किया, 2000 करोड़ की लागत से बल्क ड्रग पार्क का निर्माण किया, 1500 करोड़ रुपए के खर्च से बिलासपुर में एम्स, पीटीआई का सेटेलाइट केंद्र, मेडिकल कॉलेज, ऊना में आईआईआईटी, बिलासपुर में देश का एकमात्र हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज, 66 मेगावाट का धौला सिद्ध हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट बनाने का कार्य किया है। इसके अलावा ऊना में आईओसीएल का डिपो भी बनाया गया।** देश में बड़ी-बड़ी लोकसभाएं हैं, लेकिन शायद ही हमीरपुर लोकसभा के जितना विकास किसी अन्य लोकसभा में हुआ है। **माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के आशीर्वाद और श्री अनुराग सिंह ठाकुर की योजना एवं मेहनत ने हमीरपुर सहित पूरे हिमाचल प्रदेश के विकास को आगे बढ़ाया है।**

श्री शाह ने कहा कि **कांग्रेस के नेता पाकिस्तान के परमाणु बम का डर दिखाकर, पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर को ताक पर रखने की बात करते हैं, लेकिन भाजपा पाकिस्तान के परमाणु बम से डरने वाली नहीं है। पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर भारत का हिस्सा था, है और हमेशा रहेगा।** राहुल गांधी का कहना था कि धारा 370 को समाप्त कर देंगे तो देश में खून कि नदियां बह जाएंगी लेकिन आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में खून की नदियां छोड़िए, किसी में कंकड़ चलाने की भी हिम्मत नहीं है। **10 वर्ष तक सोनिया-मनमोहन की सरकार थी, तब पाकिस्तान से *"अलिया-मलिया-जमालिया"* जैसे आतंकी भारत में घुस जाते थे और हमले करते थे। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने उरी और पुलवामा में हमले का जवाब मात्र 10 दिनों के भीतर सर्जिकल और एयर स्ट्राइक करके दिया और पाकिस्तान के घर में घुसकर आतंकवाद का सफाया कर दिया।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **इंदिरा गांधी के समय से ही देश के जवान *"वन रैंक, वन पेंशन"* की मांग कर रहे थे, लेकिन कांग्रेस ने इसे कभी पूरा नहीं किया। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने अपने पहले ही कार्यकाल में 1 लाख 20 हजार करोड़ रुपए सेना के जवानों के बैंक खातों में भेजने का कार्य किया। वन रैंक, वन पेंशन मात्र पैसे मिलने तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह देश के लिए अपने जीवन को खपाने वाले जवानों के सम्मान की बात है।**

श्री शाह ने कहा कि **कांग्रेस पार्टी ने 70 साल से राम मंदिर के मुद्दे को लटकाकर रखा था। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के दूसरे कार्यकाल में केस का निर्णय भी आया, भूमि पूजन भी हुआ और जनवरी में श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा भी कर दी गई।** श्री शाह ने कहा कि **राहुल गांधी और प्रियंका गांधी अपने वोटबैंक के डर से अयोध्या में राम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में नहीं गए। कांग्रेस का वोटबैंक देश में सीमा पार से आए घुसपैठिए हैं।** इस चुनाव में एक ओर विदेशों में छुट्टी मनाने वाले राहुल गांधी हैं और दूसरी ओर 23 साल से दीपावली की भी छुट्टी लिए बगैर सेना के जवानों के साथ सरहद पर मिठाई खाने वाले आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी हैं। **अगर इंडी गठबंधन जीतती है तो इनके पास कोई प्रधानमंत्री पद का कोई उम्मीदवार नहीं है, और उनका कहना है कि सभी लोग बारी-बारी से प्रधानमंत्री बनेंगे। उन्हें यह समझना होगा कि ऐसे देश नहीं चल सकता है। इस देश को मजबूत नेतृत्व चाहिए और वह केवल आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी कर सकते हैं।** इंडी गठबंधन वाले पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दे नहीं सकते हैं, कोरोना जैसी महामारी से देश की रक्षा कर नहीं सकते हैं, यह काम किसी ने किया है, तो आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने उस काम को किया है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान पहुंचाया, युवाओं को स्टार्टअप के माध्यम से आगे बढ़ाया, 60 करोड़ गरीबों के घरों में उजाला पहुंचाया, देश से आतंकवाद और नक्सलवाद समाप्त करने का काम किया है।** मोदी सरकार ने 10 हजार करोड़ रुपए खर्च कर मंडी-पठानकोट 4 लेन सड़क का

निर्माण किया, 35 हजार करोड़ रुपए की लागत से पठानकोट-भरमौर सड़क का निर्माण किया, शाहपुर में ड्रोन पायलट को स्थापित किया, नेशनल हाइवे 21 का चौड़ीकरण किया, 200 करोड़ रुपए के खर्च से कांगड़ा-मैक्लोडगंज सड़क का निर्माण किया, हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय बनाया, धर्मशाला स्मार्ट सिटी के लिए 570 करोड़ रुपए आवंटित किए, चंबा में मेडिकल कॉलेज कर निर्माण किया। कांगड़ा में 16 हजार गरीबों को घर, 17 लाख लोगों को आयुष्मान भारत कार्ड, 44 हजार माताओं को गैस सिलेंडर, 58 हजार शौचालय, 5 लाख 20 हजार घरों को नल से जल और 2 लाख 70 हजार किसानों को किसान सम्मान निधि प्रदान किया। **विकास करना कांग्रेस का काम नहीं, विकास करना भारतीय जनता पार्टी की आदत है।** आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने हिमाचल में कई विकास कार्य किए हैं। **आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 9 किलोमीटर लंबी अटल टनल का उद्घाटन किया, पर्वतमाला परियोजना और ग्राम सड़क परियोजना शुरू की, रेलवे के बजट में 1600% की वृद्धि, उड़ान योजना के तहत बद्दी-संजौली में हेलिपैड और नया एयरपोर्ट बनाया, सिरमौर में आईआईएम स्थापित किया गया।** हमीरपुर में आयुष्मान भारत योजना के तहत 7 लाख 65 हजार लोगों को लाभ मिला, 83 हजार माताओं बहनों को गैस सिलेंडर मिला, 1 लाख 66 हजार घरों में शौचालय बनवाए और 5 लाख 66 हजार किसानों को 6 हजार रुपए किसान सम्मान निधि पहुंचाई और चिंतपूर्णी माता के धाम को 25 करोड़ रुपए देकर प्रसाद योजना चलाई।

श्री शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने दस वर्षों में 10 करोड़ महिलाओं को गैस सिलेंडर, 14 करोड़ घरों को नल से जल, 12 करोड़ शौचालय का निर्माण, 3 करोड़ गरीबों को पक्के आवास, 60 करोड़ गरीबों को 5 लाख तक का निशुल्क इलाज और 80 करोड़ लोगों को 5 किलो निशुल्क अनाज मुहैया करवाया। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने सभी को नि:शुल्क टीका लगा कर कोरोना महामारी से बचाया है। **वैश्विक महामारी कोरोना संक्रमण के समय राहुल गाँधी स्वदेशी वैक्सीन के बारे में जनता को गुमराह करके ओछी राजनीति की थी।** लेकिन जब सभी देशवासियों ने टीका लगवा लिया, उसके बाद एक दिन राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने भी अपना टीकाकरण करवा लिया था। **कांग्रेस पार्टी ने हिमाचल प्रदेश के विधानसभा चुनाव में कई वादे किए थे, मगर आज तक पूरे नहीं किए। कांग्रेस ने हिमाचल की महिलाओं को 1500 रुपए प्रतिमाह देने, 5 साल में 5 लाख नौकरियां, 300 यूनिट मुफ्त बिजली, 2 रुपए किलो गाय का गोबर खरीदने, 100 रुपए किलो दूध खरीदने, फलों की कीमत तय करने, मुफ्त इलाज के दवाखाने खोलने, 680 करोड़ रुपए का स्टार्ट अप फंड बनाने और हर विधानसभा में 4 नए स्कूल खोलने का वादा किया था, लेकिन एक भी पूरा नहीं किया।** श्री शाह ने कहा कि **हिमाचल प्रदेश के कांग्रेस सरकार ने केवल भ्रष्टाचार करने का काम किया। कांग्रेस सरकार के मुख्यमंत्री और मंत्रियों ने आपदा के दौरान केंद्र सरकार द्वारा भेजे गए 3200 करोड़ रुपए में भी गबन किया।** हिमाचल की कांग्रेस सरकार वादा खिलाफी सरकार है। **कांग्रेस के परिवार के चक्कर में मुख्यमंत्री ने हिमाचल प्रदेश को कांग्रेस का एटीएम बना दिया है। हिमाचल प्रदेश की जनता की गाढ़ी कमाई के पैसों को कांग्रेस पार्टी चुनाव लड़ने के लिए इस्तेमाल करती है। यह है कांग्रेस का असली चेहरा।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **पहले अपने कश्मीर के अंदर गोलीबारी होती थी, अब पाक अधिकृत कश्मीर में गोलीबारी होती है। पहले हमारे कश्मीर में आजादी के नारे लगते थे, अब पाक अधिकृत कश्मीर कहता है- हमें भारत में जाना है, यह आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का चमत्कार है। पहले कश्मीर में पर्यटक जाने से डरते थे, अब 2 करोड़ 10 लाख है पर्यटक गए है और पाक अधिकृत कश्मीर में 300 रुपए किलो आटा मिल रहा है।** पाकिस्तान को मुँहतोड़ जवाब, कोरोना महामारी से बचाव, आतंकवाद और नक्सलवाद का सफाया, G20 जैसे अंतराष्ट्रीय सम्मेलन से देश के गौरव को बढ़ाना, चन्द्रमा पर तिरंगा फहराना और स्टार्टअप में बढ़ोतरी केवल आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ही कर सकते है। यह "मोदी-मोदी" के नारे इस बार भारत को विकसित, आत्मनिर्भर और महान भारत बनाएगा।

श्री शाह ने कहा कि **हिमाचाल में कांग्रेस की सरकार ने 1.5 साल में हमीरपुर में 3 कॉलेज बंद कर दिए, लेकिन आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 3,200 करोड़ रुपए हिमाचल के विकास के लिए देने का काम किया है। कांग्रेस के कई नेताओं ने लोकतांत्रिक मूल्यों के आधार पर अपनी पार्टी से इस्तीफा दिया है और आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का नेतृत्व स्वीकारा है।** पूरब, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण सहित पुरे देश सिर्फ आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाना चाहते हैं। देश की जनता ने भी आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को फिर से अपना नेता चुनकर उन्हें तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का मन बना लिया है। आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने पूरे देश का विकास करने की दिशा में अद्वितीय काम किया है और अगर देश का विकास 100% हुआ है तो हिमाचल प्रदेश में 150% काम हुआ है। श्री शाह ने जनता से हिमाचल प्रदेश से 4 सांसद और 6 विधायकों को प्रचंड बहुमत के साथ विजयी बनाकर फिर से एक बार देश और राज्य में डबल इंजन की सरकार बनाने की अपील की।

***************************